nandgaon times april-09-4.qxd 4/9/2026 12:01 AM Page 1

प्रदेश अध्यक्ष जयंत भारती की... पृष्ठ 2
क्षितिज-अपार संभावनाएं योजना... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

गुरुवार, 09 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 174, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

होर्मुज में टोल वसूलेगा विजेता ईरान, भारत के दोस्त ने मारी असली बाजी, फिर भी ठुकराया अरबों का ऑफर

तेहरान। पाकिस्तान और चीन की मध्यस्थता के बाद अमेरिका और ईरान के बीच 2 सप्ताह के लिए सीजफायर का ऐलान हो गया है। अमेरिका और ईरान दोनों ने अपनी जीत का दावा किया है। हालांकि हकीकत यह है कि सीजफायर डील ईरान के 10 सूत्रीय प्रपोजल के आधार पर हुई है। इस डील के बाद अब ईरान अपने नुकसान की भरपाई के लिए होर्मुज स्ट्रेट में टोल लगाने की तैयारी कर रहा है। ईरान यहां से गुजरने वाले दुनिया के हर जहाज से 2 मलियिन डॉलर का टोल वसूलना चाहता है। ईरान ने कहा है कि वह इसमें अपने पड़ोसी ओमान को भी ट्रांजिट फीस में हिस्?सा देगा जिससे मस्कट सबसे बड़ा विजेता बनकर उभरा है। इस बीच ओमान ने ईरान से उलट कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में कोई भी टोल नहीं लगाया जा सकता है। इससे इस मुद्दे दोनों देशों में मतभेद देखे जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इससे जमकर कमाई होगी और वह भी इसमें हिस्सा लेगा। ईरान के इस प्लान से दोनों ही देश अरबों डॉलर कमा सकते हैं। वहीं सऊदी अरब, यूएई, कतर जैसे खाड़ी के अन्य प्रभावशाली देशों को झटका लगा है। दरअसल, ईरान और ओमान के बीच मात्र 34 किमी का यह संकरा समुद्री इलाका दुनिया के तेल ०?यापार की लाइफ लाइन है। इसके बंद होने से ही भारत समेत दुनियाभर में हाहाकार मच गया। यहां से ही दुनिया का तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। ईरान ने कहा है कि होर्मुज से वसूले गए पैसे से ही देश में पुर्ननिर्माण कार्य होगा। ईरान ने कहा है कि इस लड़ाई की वजह से उसके रक्षा, प्रशासन और नागरिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी कहा है कि ईरान का यह प्रस्ताव वचिार करने योग्य है। होर्मुज स्ट्रेट 28 फरवरी से बंद है।

ईरान अमेरिका और इजरायल के साथ स्थायी शांति डील चाहता है और इसके लिए उसने होर्मुज स्ट्रेट को हथियार बना लिया। ईरान ने कहा कि यह 2 मलियिन डॉलर की फीस अलग-अलग जहाजों पर अलग-अलग रहेगी। यह उसके कार्गो पर निर्भर करेगा। ईरान ओमान के साथ मिलकर एक प्रोटोकॉल बना रहा है जिसके जरिए जहाजों को होर्मुज से गुजरने के लिए परमिट और लाइसेंस लेना होगा। ओमान ने कहा है कि वह इस बारे में ईरान के साथ वकिल्पों पर बातचीत कर रहा है लेकिन अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। वहीं अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करें तो एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग पर पड़ोसी देश फीस की मांग नहीं कर सकते हैं। होर्मुज संकट से भारत भी बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। ओमान और भारत के बीच ऐतिहासिक और सांस्?कृतिक तथा आर्थिक संबंध रहे हैं। दोनों देशों के बीच साल 1955 में राजनयिक संबंध बने थे। ओमान खाड़ी देशों में भारत का भरोसेमंद पार्टनर देश है। ओमान खाड़ी के इलाके में भारत के लिए प्रवेश द्वार की तरह से है। दोनों देशों के बीच साल 2024-25 में 10.61 अरब डॉलर का ०?यापार हुआ है। ओमान में 500,000 भारतीय रहते हैं। ओमान की करीब 20 फीसदी आबादी भारतीय है। इनमें से 60 फीसदी केरल के लोग हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और ऊर्जा को लेकर घनिष्ठ संबंध है। ओमान से हर साल 78 करोड़ डॉलर का रेमटिंस आता है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीचदो हफ्ते के सीजफायर के ऐलानके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे दुनिया में शांति के लिए बड़ा दिन बताया है। उन्होंने कहा कि ईरान अब इस स्थिति से थक चुका है और वह भी शांति चाहता है, ऐसे में अब तेहरान पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों के ट्रैफिक को संभालने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सैनिक वहां मौजूद रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सब कुछ सही तरीके से चलता रहे। 'ट्रुथ सोशल' पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, 'यह दुनिया की शांति के लिए बड़ा दिन है। क्योंकि वे अब काफी कुछ झेल चुके हैं। अमेरिका इस दौरान हर तरह की मदद करेगा। हम हर तरह की जरूरी सप्लाई पहुंचाएंगे और वहां मौजूद रहेंगे ताकि हालात सामान्य बने रहें। मुझे पूरा भरोसा है कि सब ठीक होगा। जैसे अमेरिका में हम 'गोल्डन एज' देख रहे हैं, वैसे ही यह मध्य पूर्व के लिए भी एक नया दौर साबित हो सकता है।' इससे पहले, ट्रंप ने ईरान के खिलाफ संभावित बड़े सैन्य हमले से पीछे हटते हुए दो हफ्ते का अस्थायी विराम घोषित किया था। यह फैसला उस शर्त पर लिया गया कि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह, सुरक्षित और तुरंत खोलेगा।

नगर निगम के विभागीय कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

आई- गॉट कर्मयोगी के संबंध मे जानकारी देकर ई-आफिस मे कार्य संपादित करने कहा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आधार बेस उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारी अभी भी आधार बेस उपस्थिति नही लगा रहे है, शासन के निर्देशानुसार सभी को उपस्थिति लगाना अनिवार्य है, जिन्होने रजिस्टेऊशन नही किया है वे तत्काल रजिस्ट्रेशन करावे। उन्होने कहा कि कर्मचारियो की सुविधा के लिए निगम के सभी कार्यालयो, तकनीकि शाखाओ में पाईंट तैयार किया गया है, सफाई कर्मियो के लिए भी क्षेत्र अनुसार पाईट बनाय गया है। जिसके आधार पर सभी कर्मचारी आधार बेस उपस्थिति लगाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा आगामी माह में बिना आधार बेस उपस्थिति के वेतन काटने की कार्यवाही की जावेगी।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कर्मचारी सुबह निर्धारित समय में प्रार्थना में उपस्थित होना सुनिश्चित करे, कुछ कर्मचारियो की लंच के बाद देर से आने की शिकायत प्राप्त होती है, जोकि गलत है। निर्धारित समय तक कार्यालय में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वो का निर्वाहन करे, समय पर काम नही करोगे तो काम पूरा नही होगा और दुसरा काम आ जायेगा, इसी लिए समय पर कार्यो का संपादन करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारी राष्ट्रीय पर्व के अलावा निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमो तथा कर्मचारी अधिकारी के सेवानिवृत्त बिदाई समारोह में सूचना के बाद भी उपस्थित नही रहते, जोकि कार्य के प्रति लापरवाही है।

भविष्य में कार्यक्रमो में उपस्थित नही होने की स्थिति में वेतन काटने की कार्यवाही की जावेगी। बैठक में आयुक्त ने शासन के निर्देशानुसार ई-आफिस के माध्यम से कार्य संपादित करने कहा, क्योकि शासन द्वारा मेनुअल काम बंद करने की तैयारी है, कार्यालय के सभी कार्य ई-आफिस के माध्यम से किया जायेगा। इस संबंध में कर्मचारियो को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसी प्रकार शासन की आई-गॉट कर्मचोगी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक ट्रेनिंग प्रोग्राम है और सभी कर्मचारियो को अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग लेना है। छोटे छोटे प्रोग्राम निर्धारित है, जिसकी 30 अप्रैल तक सभी को ट्रेनिंग करना है।

विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य मुलाकात

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समाज सेविका छबि बाई साहू के नेतृत्व में विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से रायपुर पहुँच कर बिते कल उनके निवास स्थान पर आत्मीय मुलाकात की । इस शिष्टाचार भेंट के दौरान अपने-अपने मांग पत्र भेंट की, भेंट करने के दौरान विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई । इस अवसर पर छबि बाई, देवकी गंजीर, सरपंच कुंजलाल साहू, राजकुमार, चितरेखा सेन, कृतिका, धनेश्वरी, भागेश्वरी, कुमारी बाई, सूरज देशलहरे, ग्राम पटेल आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रगति जैविक किसान कल्याण संगठन जिला फेडरेशन के पूर्व वालिंटियर मानिकलाल साहू ने दी ।

ग्राम तुमड़ीबोड़ में विधायक भोलाराम साहू ने विवाह समारोह में की शिरकत, नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित विवाह समारोह में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू ससम्मान शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम तुमड़ीबोड़ निवासी श्री खेलूराम साहू के सुपौत्र चि. डोमेश एवं सौ. का. यामनी, चि. जगन एवं सौ. का. पूर्णिमा तथा सुपौत्री सौ. का. भारती एवं चि. करण के विवाह परिणय उत्सव में सहभागिता निभाई। विधायक श्री साहू ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय, सफल एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में महेंद्र यादव (सदस्य जिला पंचायत एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी), श्रीमती भुनेश्वरी साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़), रमेश हिरवानी, श्याम दास साहू, रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर की गई त्वरित निराकरण

सुश्री शशि बंजारे को सक्षम योजना के तहत मिला स्वरोजगार के लिए ऋण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। जिससे आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव के बख्शी वार्ड क्रमांक 4 नया ढाबा निवासी दिव्यांग सुश्री शशि बंजारे द्वारा अपने स्व-रोजगार की शुरूआत के लिए ऋण उपलब्ध कराने आवेदन कलेक्टर जनदर्शन को प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को आवश्यक जांच कर ऋण स्वीकृत कराने निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के अंतर्गत ऐसे महिलाएं जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, उन्हें शासन की मंशा के अनुरूप आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। दिव्यांग सुश्री शशि बंजारे द्वारा प्राप्त आवेदन का विभाग द्वारा नियमानुसार जांच उपरांत उनके खाते में ऋण राशि स्वीकृत की गई। प्राप्त राशि से उन्होंने सिलाई मशीन खरीदकर श्रृष्टि लेडिस टेलर एवं सिलाई सेंटर नाम से अपना रोजगार प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गांवों में जागरूकता कार्यक्रम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के सहयोग से जन कल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के अंतर्गत जिले के 10 से अधिक ग्रामों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस बार सबके लिए स्वास्थ्य विषय के तहत मानसिक स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। जिला स्रोत समन्वयक जितेंद्र कुमार जंघेल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना वर्ष 1948 की स्मृति में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, बीमारियों की रोकथाम के उपाय बताना और स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। अच्छा स्वास्थ्य न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर जीवन को संतुलित और सुखद बनाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रीति साहू और एएनएम तीजन टंडन ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त जल सेवन, समय पर नींद और नशामुक्त जीवन जैसे स्वस्थ जीवनशैली के उपाय बताए। इस दौरान ग्राम सरपंच बीरसिंग, सचिव योगेश कुमार साहू, मितानिन राजकुमारी, यशोदा, मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लिंक वर्कर परियोजना से जुड़े डीआरपी, जोनल सुपरवाइजर और कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना ही संघ का ध्येय : स्वप्निल कुलकर्णी

संघ के प्रमुख जन गोष्ठी में मुस्लिम ईसाई सहित अन्य समाजों के प्रमुख जनों ने भाग लिया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। होटल राज इंपिरियल के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी थे। वहीं कार्यक्रम में विभाग संघ चालक राजेश ताम्रकार और जिला संघ चालक राधेश्याम शर्मा मंचस्थ थे। श्री कुलकर्णी ने संघ के भविष्य के विजन और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में श्री कुलकर्णी ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य भारत को परम वैभव के शिखर पर ले जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परम वैभव का अर्थ केवल शक्तिशाली या साम्राज्यवादी होना नहीं है, बल्कि भारत को दुनिया का सबसे अच्छा और आदर्श देश बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमें भारत को बड़ा बनाना है, लेकिन भारत को भारत बनाए रखते हुए ही यह संभव है। स्वप्निल जी ने संघ की प्रार्थना और शाखाओं में गाए जाने वाले गीतों का संदर्भ देते हुए कहा कि राष्ट्र को शिखर पर ले जाने की पहली शर्त धर्म का संरक्षण है। उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि यह केवल पूजा-पाठ या उपासना की पद्धति नहीं है, बल्कि यह हमारे शाश्वत जीवन मूल्य हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर एक समर्थ राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है।

गोष्ठी के दौरान संघ के 100 वर्षों की विकास यात्रा और आने वाले समय में समाज के प्रति संघ की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। वक्ता श्री स्वप्निल ने आह्वान किया कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को अपनी जड़ों से जुड़कर राष्ट्रहित में कार्य करना होगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता श्री स्वप्निल ने उपस्थित प्रमुख जनों के द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का सारगर्भित एवं समाधान कारक उत्तर दिया। नगर में यह पहला अवसर है, जब संघ के आयोजन में मुस्लिम एवं ईसाई समाज के प्रमुखजन सहित शहर एवं अंचल के विभिन्न श्रेणियों के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया था। वहीं गोष्ठी में समाजसेवी व उद्योगपति बहादुर अली, अधिवक्ता एचबी हाजी, मनोज चौधरी, संत समाज से ज्ञानी सतपाल सिंह, जितेंद्र साहेब, देवेंद्र साहब, स्वामी अनंतानंद जी, किशोरी लाल जी महराज, आदिवासी समाज से एमडी ठाकुर, बौद्ध समाज से कन्हैया लाल खोब्रागढ़े, जिला सतनामी समाज से विजय राय, गुजराती समाज से हीरा भाई पटेल, मुस्लिम समाज से हसन अली, इरफान खान, कृषक दादू राम सोनकर, डॉ. पवन जेठानी, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. भालेराव, शिक्षाविद् नीरज बाजपेई, सीए राजेश जैन, प्रफुल्ल कोठारी, जनप्रतिनिधियों में संसद सदस्य संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कोमल सिंह राजपूत, सागर चितलांग्या, करनैल सिंग भाटिया सहित बड़ी संख्या में प्रमुख जन उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष जयंत भारती की अध्यक्षता में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी राजनांदगांव में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष हेमंत तिवारी के निवास महेश नगर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जयंत भारती की अध्यक्षता रही। बैठक का प्रारंभ ओंकार महामंत्र के उच्चारण से किया गया तथा समापन विश्व मंगल कामना के साथ हुआ।

बैठक में 14 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली 5वीं योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन, व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों का विभाजन करते हुए अलग-अलग प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपे गए। सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार जुटे हुए हैं।

बैठक के दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष जयंत भारती का अंगवस्त्र एवं दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से खिलेंद्र भारती, अध्यक्ष हेमंत तिवारी, सचिव लक्ष्मण लोहिया, सह सचिव सौरभ खंडेलवाल, किशोर महेश्वरी, अरुण भास्कर गुप्ता सहित अन्य आयोजक उपस्थित रहे।

योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया एवं सह सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि राजनांदगांव संस्कारधानी के साथ-साथ खेल नगरी के रूप में भी विख्यात है। यहां की भूमि में संस्कारों के साथ खेल प्रतिभाओं की अनगिनत विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि योगासन प्रतियोगिता के माध्यम से जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलेगा।

14 अप्रैल को नीरज बाजपेई इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में प्रतियोगिता

योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, राजनांदगांव द्वारा 14 अप्रैल 2026 को 5वीं योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन नीरज बाजपेई इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों की योग प्रतिभाएं भाग लेंगी।

प्रतियोगिता में निम्नलिखित स्पर्धाएं आयोजित होंगी-

ट्रेडिशनल योगासन इवेंट, आर्टिस्टिक योगासन (सिंगल), रिदमिक पेयर योगासन, आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप, फॉरवर्ड बेंड योगासन (सिंगल), बैक बेंड योगासन (सिंगल), ट्विस्ट बॉडी योगासन (सिंगल), लेग बैलेंस योगासन (सिंगल), हैंड बैलेंस योगासन (सिंगल)

सुपाइन योगासन (सिंगल), आयु वर्ग निर्धारित

प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों के आयु वर्ग इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं- सब जूनियर : 10 से 14 वर्ष, जूनियर : 14 से 18 वर्ष, सीनियर : 18 से 28 वर्ष, सीनियर A : 28 से 35 वर्ष सीनियर B : 35 से 45 वर्ष सीनियर C : 45 से 55 वर्ष प्रतियोगिता में प्रतिभागी अधिकतम चार स्पर्धाओं, जिनमें कलात्मक स्पर्धाएं भी शामिल हैं, में भाग ले सकेंगे।

योग प्रतिभाओं को मिलेगा मंच- प्रदेश अध्यक्ष जयंत भारती ने कहा कि योगासन केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वास्थ्य और संस्कृति का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में योग प्रतिभाओं की कमी नहीं है और यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं को आगे लाने का महत्वपूर्ण अवसर बनेगी। आयोजन समिति ने जिले के सभी खेल प्रेमियों, विद्यालयों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आज के समय में युवाओं को मोबाइल और अन्य व्यसनों से दूर रखते हुए योग एवं खेलों से जोड़ना आवश्यक है। योगासन प्रतियोगिता न केवल प्रतिभाओं को मंच देगी, बल्कि स्वस्थ समाज और सकारात्मक वातावरण निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डोंगरगांव सेवताटोला में 11 से दो दिवसीय लोककला महोत्सव का आयोजन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव नगर पंचायत श्रेत्र के वार्ड सेवताटोला में जय मां सरस्वती शारदा जस परिवार एवं नगरवासी के तत्वाधान में मां दुर्गा मंदिर त्रिवेणी संगम जैतखाम चौक में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 11 अप्रैल से दो दिवसीय जस गायन झांकी लोक कला महोत्सव का आयोजन रखा गया है, दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है जिनमें अध्यक्ष भोलाराम साहू, उपाध्यक्ष सुगंध साहू, मानव शेन्दे, सचिव राहुल भगत, सह सचिव गौरव कुमार, कोषाध्यक्ष लवकेश सोनकर, संरक्षक हेमंत चोपड़ा, भारत साहू, बिसंभर यादव, केजन साहू, भुनेश्वर सोनकर, मंच संचालक सूरज साहू, सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है दो दिवसीय जस गायन झांकी प्रतियोगिता में खुरसुल बालोद, भैंसरा डोंगरगढ़, पचपेड़ी धमतरी, देवसरा मोहंदी पाठ, मंडेली छूरा गरियाबंद, सुपेला भिलाई, बघेरा दुर्ग, राजनांदगांव, बांधाबाजार, मोहला, भिंभोरी बेमेतरा, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, पतोरा उतई, कातरों सहित अन्य ख्याति प्राप्त जस गायन झांकी मंडलियों की प्रस्तुति होगी, कार्यक्रम में 10 अप्रैल को संध्या 6 बजे कलशयात्रा मां दुर्गा मंदिर से शीतला मंदिर प्रस्थान करेगी, रात्रि में स्वरमाला रिकॉर्डिंग डांस कुसुमटोला वालो का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, दो दिवसीय जस गायन झांकी लोक कला महोत्सव के उदघाटन में प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे, भरत वर्मा, अंजू त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, दिना पटेल, पार्षद गायत्री यादव, पार्षद कोमल साहू, ग्राम पटेल चंद्रशेखर यादव, होंगे इसी प्रकार समापन समारोह में प्रमुख अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, संतोष वैष्णव, टिकेश साहू, पार्षद प्रियंक जैन, रोशन यदु, अखिलेश नखत, देशराज जैन , हेमंत कटकवार होंगे,

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने वर्ष 2026 से 2029 तक के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। समिति द्वारा जारी सूची में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद मंदिर समिति में उत्साह का माहौल है। समिति की ओर से जारी सूची के अनुसार पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार लोहिया का मार्गदर्शन समिति को पूर्व की भांति मिलता रहेगा। उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार एवं राजेश शर्मा को नियुक्त किया गया है ।कोषाध्यक्ष का दायित्व सुरेश अग्रवाल को सौंपा गया है, जबकि सचिव पद पर सौरभ खंडेलवाल एवं सह सचिव के रूप में रामअवतार जोशी को जिम्मेदारी दी गई है। समिति ने मंदिर की व्यवस्थाओं एवं आयोजनों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की है। व्यवस्था प्रभारी के रूप में नितीश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उत्सव प्रभारी के रूप में लक्ष्मण लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल एवं विजय खंडेलवाल को नियुक्त किया गया है। समिति का मानना है कि इनकी देखरेख में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम और अधिक व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित होंगे। समिति की कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में विष्णु प्रसाद लोहिया, संतोष सिंघल, नारायण अग्रवाल, नरेंद्र गोयल एवं जुगल किशोर अग्रवाल को शामिल किया गया है।

शुभांक

2-3-8

780-5 367-6

भाग्यांक

135-9 477-8

साहू समाज ने किया दिनेश कुरेटी का सम्मान

उत्कृष्ट उदघोषक के रूप में वर्षों से बना है विशिष्ट पहचान

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। गत दिनों ग्रामीण साहू समाज तेन्दूटोला एवं परिक्षेत्र साहू समाज छुरिया के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम तेन्दूटोला में भक्तमाता कर्मा जयंती सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभावशाली एवं उत्कृष्ट मंच संचालन कर साहू समाज के सामाजिक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता प्रदान करने के लिए अंचल के ख्यातिलब्ध व उत्कृष्ट शिक्षक,कवि एवं उदघोषक दिनेश कुरेटी दिलेर को साहू समाज की ओर से परिक्षेत्र साहू समाज प्रमुख उमेश दास साहू एवं ग्रामीण साहू समाज प्रमुख उदेराम साहू के द्वारा स्मृति चिन्ह,गमछा,श्रीफल भेंट कर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू थे। अध्यक्षता साहू समाज के तहसील अध्यक्ष चुरामन दास साहू ने किया। प्रमुख अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा एवं पूर्व विधायक छन्नी चन्दू साहू, विशेष अतिथि विपिन यादव,रविन्द्र वैष्णव, राजकुमार सिन्हा,सीमा यादव,कमल किशोर साहू,नीरा साहू,भुनेश्वर प्रसाद साहू,मयाराम साहू, खुमेन्द्र साहू, तुलाराम साहू एवं शिशुपाल साहू आदि रहे। श्री कुरेटी के मंच संचालन के विशिष्ट शैली, निराले अंदाज एवं मधुर वाणी का प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि दिनेश कुरेटी दिलेर आदिवासी समाज के प्रमुख होने के साथ-साथ अच्छे उदघोषक एवं उत्कृष्ट शिक्षक भी है। विगत तीस वर्षों से उत्कृष्ट मंच संचालन का काम कर रहा है। श्री कुरेटी महामहिम राज्यपाल,माननीय मुख्यमंत्री,मंत्री गणों,सांसद गणों,विधायक गणों के गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होने वाली अति महत्वपूर्ण मंचों का सफलता पूर्वक एवं सहजता से प्रभावशाली संचालन कर छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र में उत्कृष्ट उदघोषक के रूप में अपना विशिष्ट एवं अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है तथा अनेकों संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुका हैं। ऐसे उत्कृष्ट उदघोषक के प्रभावशाली मंच संचालन से कार्यक्रम की गरिमा एवं रोचकता बड़ जाती है। ऐसे व्यक्ति को सम्मानित करने वाला संस्था खुद सम्मानित एवं गौरवान्वित हो जाता है। परिवार में दिनेश,शिक्षाविभाग में कुरेटी एवं साहित्य व कला के क्षेत्र में दिलेर के नाम से पहचाने जाने वाले श्री कुरेटी छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के विभिन्न अंचलों में आयोजित होने वाले सर्व समाज, आदिवासी समाज, साहू समाज,पटेल समाज, धोबी समाज, निषाद समाज,नाई समाज, बौद्ध समाज,सतनामी समाज,गोंड़ समाज,कंवर समाज एवं हल्बा समाज के सैकड़ों सामाजिक कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक संचालित कर एवं प्रभावशाली वक्तव्य देकर सर्व समाज के सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता प्रदान करते हैं। इसके अलावा शासकीय,अशासकीय एवं विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक मंच संचालन कर सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उत्कृष्ट उदघोषक के रूप में सम्मानित होने पर साहू समाज प्रमुख उमेश दास साहू, कोमल सिंह गुरू,खुमेन्द्र साहू,उदेराम साहू, हरीश साहू, तोमन साहू,मुरली साहू,रोहित साहू,सुदर्शन साहू,भूपेन्द्र साहू,विरेन्द्र साहू आदि ने श्री कुरेटी को बधाई दी है।

नीरज विद्या मंदिर में कक्षा 3 से 8 तक कंप्यूटेशनल थिंकिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पाठ्यक्रम की शुरुआत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज विद्या मंदिर, डोंगरगांव में विद्यार्थियों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से कक्षा 3 से 8 तक कंप्यूटेशनल थिंकिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह पहल भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप है, जिसमें विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही तकनीकी एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया गया है। हाल ही में ह्ष्टश्वक्रञ्ज एवं ष्टक्चस्श्व द्वारा आयोजित वेबिनार श्रृंखला में इस नए पाठ्यक्रम की रूपरेखा, शिक्षण पद्धति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इन वेबिनार्स में देशभर के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं शिक्षा विशेषज्ञों को यह बताया गया कि अब शिक्षा केवल रटने तक सीमित न रहकर कौशल आधारित, अनुभवात्मक एवं बहुविषयी होगी। विद्यालय के प्राचार्य श्री जीवेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मकता एवं नवाचार की भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है, इसलिए विद्यार्थियों को प्रारंभिक कक्षाओं से ही इसके प्रति जागरूक करना समय की मांग है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 3 से 5 तक विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित शिक्षण-जैसे खेल, पहेलियां, कहानी एवं प्रोजेक्ट के माध्यम से कंप्यूटेशनल थिंकिंग की अवधारणाएं सिखाई जाएंगी। वहीं कक्षा 6 से 8 तक विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रारंभिक सिद्धांत, डेटा की समझ, पैटर्न पहचान, एल्गोरिदम एवं नैतिक उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि रचनाकार बनने के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही, यह उन्हें भविष्य के डिजिटल एवं तकनीकी वातावरण के लिए तैयार करेगा। विद्यालय के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी ने इस पहल को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आधुनिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किकता एवं नवाचार की सोच विकसित करेंगे, जिससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उन्हें एक जिम्मेदार एवं सक्षम नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।

निषाद समाज भर्रेगांव परिक्षेत्र का शपथग्रहण समारोह 12 को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निषाद समाज परिक्षेत्र का पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह 12 अप्रैल 2026 को निषाद सामुदायिक भवन भर्रेगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, महासचिव व पर्यवेक्षक टीकम निषाद, मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी, सहायक निर्वाचन अधिकारी दाता राम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी हरिराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेम प्रकाश निषाद विघुत विभाग कम्प्यूटर आपरेटर की उपस्थिति में नवनिर्वाचित क्षेत्रीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी ।

नवनिर्वाचित क्षेत्रीय पदाधिकारी लेंगे शपथ

सहायक निर्वाचन अधिकारी चैन कुमार सोनवानी ने बताया कि नवनिर्वाचित भर्रेगांव क्षेत्रीय पदाधिकारी अध्यक्ष छगन निषाद ठेकवा, उपाध्यक्ष तिलक राम निषाद धामनसरा, महासचिव अमृत राज निषाद बुचीभरदा, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद कुसमी, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद सिंघोला, सचिव चुम्मन सिंह निषाद धामनसरा, सहसचिव देवराज निषाद उसरीबोड, संगठन सचिव अरविन्द निषाद बुचीभरदा, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद बेलटिकरी, महिला प्रकोष्ठ क्षेत्रीय अध्यक्ष दिव्या निषाद कोसमी, कार्यालय सचिव महेश्वर लाल निषाद भर्रेगांव को शपथ दिलाई जाएगी।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

आम-सूचना

दिनांक 08/04/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु प्रसाद पिता/पति आशाराम निवासी जनता कॉलोनी लखौली की ग्राम गुमा प.ह.न 32. राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 19 (घनेली) तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 275 रकबा 0.3280 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक का क/वाचक/तह.2026 आदेश दिनांक 06/04/2026 के परिपालन में दिनांक 13/04//2026 को समय 2:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अत उक्त सीमाकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैद्य अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

नाम परितर्वतन

//ईश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक लोकनाथ पिता-कोमल राम साहू जाति-तेली, निवासी, ग्राम-थुहाडबरी, मकान नं. 77 वार्ड, नं. 08. तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ0ग0)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वंय के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर लोकेश कुमार साहू अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वंय के नाम से जारी राजस्व रिकार्ड में व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर लोकनाथ अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में लोकेश कुमार साहू अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर लोकनाथ अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के सबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आयें ।

स्थान: अं.चौकी दिनांक:-08/04/2026

आवेदक
लोकनाथ
निवासी ग्राम-थुहाहवरी
तह.अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी

न्यायालय तहसीलदार कुमरदा, जिला राजनांदगांव

//ईश्तहार//

ब-121/वर्ष 2025-2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांशीराम पिता दुकालूराम जाति तेली निवासी ग्राम खुर्साटिकुल तहसील कुमरदा द्वारा अपने पुत्र देवेन्द्र साहू पिता कांशीराम का जन्म दिनांक 29.11.1995 को स्थान खुर्साटिकुल में होने से तथा भूल वश ग्राम पंचायत में दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म तिथि दर्ज किये जाने का आदेश प्रदाय किये जाने हेतु (जन्म-मृत्यु) जिला योजना एवं सांख्यिकी शाखा राजनांदगांव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अंक सूची, आधार कार्ड मय आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.04.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

सील — **तहसीलदार कुमरदा, जिला- राजनांदगांव**

- नाम परिवर्तन -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सौरभ कोडापे आ. राजेन्द्र कोडापे, निवासी ग्राम-अंडी, तहसील-डोंगरगढ. -जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का स्थाई निवासी हूं। मेरे शैक्षणिक अभिलेख, आधार कार्ड, पेनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र में मेरा नाम सौरभ कुमार आ. राजेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम अंडी, तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) दर्ज है। जिसे मैं अपना नाम(पुराना नाम) बदलकर (नया नाम)सौरभ कोडापे आ. राजेन्द्र कोडापे कराना चाहता हूं। मुझे भविष्य मे मेरे नाम सौरभ कोडापे आ. राजेन्द्र कोडापे के नाम से जाना पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
सौरभ कोडापे, निवासी ग्राम-अंडी, तहसील-डोंगरगढ. जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

भीषण गर्मी के दृष्टिगत विद्यालय संचालन के समय में किया गया परिवर्तन

राजनांदगांव। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिले में वर्तमान में बढ़ रही भीषण गर्मी एवं तापमान में लगातार हो रहे वृद्धि तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आगामी आदेश तक जिले में संचालित विद्यालयों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय सहित अन्य सभी विद्यालयों का संचालन 9 अप्रैल 2026 से सुबह 7.30 बजे से सुबह 11.30 बजे तक करने के आदेश जारी किए है। यह निर्णय विद्यार्थियों को अत्यधिक गर्मी से होने वाली संभावित स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। संबंधित विद्यालय प्रबंधन को निर्धारित समय का पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

कार्यालय-नगर पंचायत गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

Email-npgandai@gmail.com

नामांतरण प्रकरण क्रमांक 35 — **गण्डई, दिनांक 07/04/2026**

:- ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

एतद् द्वारा स्वामित्व में हित रखने वाले हितग्राही को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत स्वामित्व के अंतरण के सबंध में निम्नलिखित हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नगर पंचायत गण्डई के अभिलेख में हस्तांतरिती का नाम दर्ज किया जाना है। स्वामित्व सबंधी यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

क्रं.	हस्तांतरण का नाम	हस्तांतरिती का नाम	हस्तांतरण का स्वरूप	संपत्ति की स्थित्ति
	1 श्री शंकर लाल देवांगन पिता श्री समय लाल देवांगन वार्ड कं.13 गण्डई	श्री नेमचंद देवांगन पिता श्री शंकर लाल देवांगन वार्ड क.13 गण्डई	आबादी भूमि पर भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र	वार्ड क्रमांक 13 टिकरीपारा गण्डई
	2 रानीदान जैन पिता श्री हुकुमचंद जैन रजनीगंधा कॉलोनी आदर्श नगर दुर्ग	श्री तिलोक चंद कर्नाक्ट पिता श्री हुकुमचंद कर्नावट वार्ड क्रमांक 05 गण्डई	सहमति पत्र	वी. मार्केट गण्डई ब्लाक बी-2 दुकान कमांक 13

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गण्डई

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202604095500005

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
दरीं प.ह.न. 00026 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - डेरहासिंह,
अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किआवेदक डेरहासिंह आ0 फक्रीरासिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम दर्री पटवारी हल्का नं0 26 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव ?द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने अपने पिता फक्रीरा की मृत्यु दिनांक 18/06/2016 को ग्राम दर्री में होने के कारण अपने पिता फक्रीरा का मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान क्रमांक 66230426005850 अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 20.04.2026 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/04/2026 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202603090100023

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - उड़कुड़िया,
अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन द्वारा राजस्व विभाग,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक उड़कुड़िया पिता इठोबा, निवासी ग्राम बोरतलाव, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बोरतलाव, तहसील डोंगरगढ़ स्थित कृषि भूमि/मकान खसरा नंबर 577 के बटांकन में हेर-फेर किये जाने के कारण, आवेदक के निरन्तर 1976 से चले आ रहे कब्जे के अनुसार नक्शा बटांकन किया जाकर, रिकार्ड दुरूस्त किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 27/04/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2026 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 20260409220005
मामले की श्रेणीः- राजस्व

सन्नः- 2025-2026 08/04/2026
विषयः- ब-121
मुड़पार प.ह.न. 00031 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार नम्मू यादव,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नम्मू यादव आ. तीजू राम जाति राऊत निवासी मुड़पार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं नम्मू यादव आ. तीजू राम का जन्म दिनांक 01/01/1977 को स्थान मुड़पार में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 7771985311

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/04/2026 को जारी किया जाता है।

सील — Neelkanth Janbandhu, तहसीलदार, तहसील - डोंगरगढ़

छत्तीसगढ शासन वन विभाग
सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

ई-नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध इमारती एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1. ई-नीलाम दिनांक - 10-04-2026
2. ई-नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ

अ. क्र.	प्रजाति	[illegible]		[illegible]		[illegible]	
		लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सागौन	0	0	124.146	0	124.146	0
2	साल	105.000	0	2547.416	3102	2652.416	3102
3	बीजा	0	0	156.907	0	156.907	0
4	खम्हार	0	0	0	0	0	0
5	साजा	0	0	79.578	965	79.578	965
6	हल्दू	0	0	20.117	0	20.117	0
7	धावड़ा	0	0	9.666	209	9.666	209
8	[illegible]	0	0	7.915	0	7.915	0
9	अन्य	0	0	283.573	1574	283.573	1574
10	[illegible]	0	0	0	0	0	0
	योग :-	105.000	0	3229.318	5850	3334.318	5850
11	जलाऊ	330 चट्टा	-	3708 चट्टा	0	4038 चट्टा	-

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी अधिकता संभव है।

G-262700084

वनमंडलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमंडल

nandgaon times april-09-4.qxd 4/9/2026 12:01 AM Page 3

ज्ञान मंथन

1) हाल ही में, च्वर्ल्ड ग्रीन इकॉनमी फ़ोरमज्ज् का शुभारंभ कहाँ किया गया?
2) मूडबिद्री में आयोजित 14वीं द्विवार्षिक झील सम्मेलन का विषय क्या है?
3) कौन सा राज्य 392 अंकों के साथ राष्ट्रीय पैरा-स्विमिंग चैंपियनशिप 2024 जीता?
4) कैसावा का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?
5) कश्मीर के हस्त-गुंथित कालीन का स्थानीय नाम क्या है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) दुबई (2) मानव कल्याण के लिए आर्द्रभूमि (3) कर्नाटक (4) नाइजीरिया (5) काल बाफ़ी

क्षितिज-अपार संभावनाएं योजना से दिव्यांग विद्यार्थियों को मिल रहा नया हौसला

शिक्षा में आगे बढ़ने का दे रही अवसर, बढ़ रहा दिव्यांग विद्यार्थियों का आत्मविश्वास

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ यदि कोई आगे बढ़े तो कोई भी बाधा उसकी सफ्लता की राह में रुकावट नहीं बन सकती। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित च्क्षितिज अपार संभावनाएंज्ज् योजना ऐसे ही विद्यार्थियों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है। यह योजना दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनकी पढ़ाई को आगे बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रही है। जिले में इस योजना के माध्यम से वर्ष 2023 से 2026 तक कुल 35 दिव्यांग विद्यार्थियों को 4 लाख 76 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा चुकी है। इसमें सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 6 दिव्यांगजनों को 2 लाख 90 हजार रुपये तथा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 29 दिव्यांग विद्यार्थियों को 1 लाख 86 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। इस योजना के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों को न

केवल आर्थिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने का नया हौसला भी मिल रहा है। शासन की यह पहल दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। कवर्धा के ऐसे ही एक होनहार छात्र रवियांशु साहू ने अपनी दिव्यांगता को कमजोरी नहीं, बल्कि हौसले की ताकत बनाकर यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। कवर्धा के दुर्गावती चैक स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अध्ययनरत रवियांशु साहू ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 600 अंकों में से 378 अंक (63 प्रतिशत) प्राप्त किए। रवियांशु 40 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हैं, इसके बावजूद उन्होंने निरंतर परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पढ़ाई करते हुए यह सफ्लता हासिल की। शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं में दिव्यांगजनों की श्रेणी में जिला कबीरधाम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र रवियांशु साहू को समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। यह राशि उन्हें उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रोत्साहन स्वरूप दी गई।

डोंगरगढ़ शहर मंडल पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शानदार हुआ समापन

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगढ़ शहर मंडल के नेतृत्व में 2 दिवसीय 6 से 7 अप्रैल तक चलने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शानदार समापन हुआ जिसमे प्रमुख रूप

राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव , पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, प्रभारी रविन्द्र वैष्णव, सुरेंदर सिंग बंनोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया, प्रदीप बाघ, महेंद्र भाई पटेल, कुलवंत कक्कड़ ,अमित जैन ,वीरेंद्र सोनी, संतोष चोपड़ा, तुलसी मिश्रा, तरुण हथेल, विजेंद्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बंनोआना, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के द्वारा भारत माता, प दीनदयाल उपाधाय, प श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रशिक्षण महाभियान के दूसरे दिन चार सत्र दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमे प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी , प्रभारी रविंद्र वैष्णव ,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर महापौर मधुसूदन यादव ने पार्टी द्वारा दिए गए विषयों पर अपने विचार रखे इस अवसर पर मंडल महामंत्री विनय बंसल ,कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव ,सुषमा कोठारी, संगीता टेंबुरकर, अलका जयेश सहारे ,सरफराज नवाज ,अर्चला सिंह ठाकुर, रेखा राजेश राघौते, हरीश मोटघरे ,देवेंद्र साखरे ,डी यकेस राव ,पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार ,लक्ष्मी यादव ,अनीता इंदुलकर, वत्सल्या श्रीवास्तव, , नमृता चौबे, कैलाश सोनवानी, श्याम तिवारी ,नागेंद्र परिहार ,लोकेश इंदुलकर, मुकुंद कडरा, आकाश सिंह राजपूत ,डिंपी महापात्रे ,गिरीश साहू, चितरंजन साहू, ललित शर्मा, महेश सहारे ,आवेश निगम ,शुभम परिहार, अल्कृत शर्मा, अक्षय यादव ,रामकुमार डरसेना ,अजय शर्मा , मयंक डोंगरे, उपेंद्र इंदुरकर, जयंत साहू, सहित भाजपा शहर मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच का संचालन महामंत्री विनय बंसल द्वारा किया गया ।

क्रिकेट ट्रॉयल 12 अप्रैल को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा जिले की 16 वर्ष आयुवर्ग की टीम की गठन हेतु आगामी 12 अप्रैल 2026 दिन- रविवार को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 08:30 बजे से प्रारंभ होगी। जिन खिलाडियों का जन्म 01 सितम्बर 2010 व 31 अगस्त 2012 के बीच हुआ होगा वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। उक्त चयन प्रक्रिया में वे ही खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनका पूर्व में रजिस्ट्रेशन हो चुका है तथा वे खिलाड़ी जिनका रजिस्ट्रेशन नही हुआ है वे शाम 04 व 06 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में आवश्यक दस्तावेजों (पिछले 05 वर्षों की अंकसूची, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सभी की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है खिलाडियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं के द्वारा किया जावेगा।

क्षत्रिय करणी सेना अरविन्द सिंह राजपूत जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। क्षत्रिय करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत द्वारा संगठनात्मक मजबूती के लिए विभिन्न राज्यों के जिले में पदाधिकारियों की नियुक्ति व सामाजिक कार्य, समाज सेवा और संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय रूप से सहमति जताया। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह के अनुसंसा पर प्रदेश संरक्षक रोहन सिंह ठाकुर, एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन सिंह तथा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में अरविन्द सिंह राजपूत को जिला मीडिया प्रभारी मुंगेली जिले के रूप में मनोनीत किया गया। क्षत्रिय करणी सेना जिला

मीडिया प्रभारी मुंगेली (छ.ग.) के रूप में मिले इस सम्मान को अरविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि मैं केवल पद नहीं बल्कि सेवा संघर्ष और उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करता हूँ। मैं संकल्प लेता हूँ कि इस दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा ईमानदारी और समर्पण भाव के साथ करूँगा तथा संगठन की मजबूती और समाजहित के लिए निरंतर कार्यरत रहूँगा उन्होंने सभी वरिष्ठों, साथियों और शुभचिंतकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए क्षत्रिय समाज द्वारा सौंपे गए इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हृदय से आभार जताया।

कबीरधाम जिले में मनाया गया चावल उत्सव 516 राशन दुकानों में हुआ खाद्यान्न वितरण

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिले में 07 अप्रैल को चावल उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के सभी 516 राशन दुकानों में किया गया। चावल उत्सव के दौरान सतर्कता समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हितग्राहियों को चावल वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने हितग्राहियों को तीन महीने का राशन एकमुश्त देने का निर्णय लिया है। जिसके लिए राशन केंद्रों में भंडारण करवाया जा रहा है। चावल उत्सव के माध्यम से हितग्राहियों को चावल आबंटन किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसको लेकर खाद्य अधिकारी को सभी केंद्रों में समुचित खाद्यान्न उपलब्धता और सुचारु वितरण

सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया है। जिला खाद्य अधिकारी श्री चंद्रशेखर देवांगन ने बताया कि जिले के सभी 516 उचित मूल्य की राशन दुकानों में चावल उत्सव के मद्देनजर भंडारण और वितरण सतर्कता समिति, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया का रहा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। इस दौरान राशन केंद्रो में सतर्कता समितियों की बैठक भी आयोजित की गई।

पीएम-आशा योजना अंतर्गत किसानों के पंजीयन की तिथि 20 अप्रैल 2026 तक बढ़ाई गई

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम में जिले के किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 20 अप्रैल 2026 कर दी गई है। योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफ्ली एवं सोयाबीन

तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु चना, मसूर एवं सरसों की फसल बोने वाले कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इच्छुक किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा संबंधित सेवा सहकारी समिति में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर निर्धारित तिथि तक पंजीयन करा सकते हैं। रबी फसलों के सत्यापन में आ रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि फसल एवं रकबा सत्यापन हेतु पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र को मान्य किया जाएगा। इसके आधार पर समितियों द्वारा उपार्जन की कार्रवाई की जाएगी। योजना अंतर्गत पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी की जाएगी, जिसमें अरहर 8000 रुपए, मूंग 8768 रुपए, उड़द 7800 रुपए, मूंगफ्ली 7263 रुपए, सोयाबीन 5328 रुपए, चना 5875 रुपए, मसूर 7000 रुपए एवं सरसों 6500 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। फसल उपार्जन का कार्य जिले में चिन्हांकित उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा, जहां केंद्रीय एजेंसी नेफेड द्वारा खरीदी की जाएगी। उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगा साथ ही, खरीफ फसलों की खरीदी निर्धारित सीमा के अनुसार की जाएगी, जिसमें अरहर, मूंग एवं उड़द 3 क्विंटल प्रति एकड़, मूंगफ्ली 7 क्विंटल प्रति एकड़ तथा सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपार्जन किया जाएगा। जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर पंजीयन कराकर शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय कर योजना का लाभ उठाएं।

भानु सोनी के नए संगठन पर स्वर्णकार संघ का विरोध, पदाधिकारियों को किया निष्कासित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला स्वर्णकार संघ की एक आवश्यक बैठक 6

अप्रैल 2026 को आयोजित हुआ, जिसमें भानु सोनी द्वारा सामांनातर राजनांदगांव जिला सोनार समाज का संगठन बनाये जाने की कड़ी निंदा की गयी। उनका यह कृत्य समाज की एकता खंडित करने वाला है। जिले के सोनार समाज के हितों पर कुठाराघात है। उनके द्वारा सोनार समाज का गठन सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्धी व अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए किया जा रहा है। इससे जिले के सभी सोनार बंधुओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है। अंत में जिले के सभी सोनार बंधुओं से अपील की है कि भानु सोनी की बात पर न आयें। राजनांदगांव सोनार समाज के नाम पर कोई सदस्यता शुल्क व चंदा न देवें। उनका राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ से कोई लेना देना नहीं है। राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ सन 2011 से रजिस्टार फर्म व सोसायटी रायपुर से पंजीकृत संस्था है। संस्था 16 वर्षों से सोनार समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है। ज्ञात हो कि स्वर्णकार समाज के लिए सामुदायिक भवन कमला कालेज राजनांदगांव के पास निर्माणाधीन है, जो पूर्णता की ओर है। महेश सोनी, राजू सोनी व प्रणय सोनी राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ में पदाधिकारी पद पर रहते हुए भानु सोनी द्वारा गठित जिला सोनार समाज के संगठन में पदाधिकारी का पद लिया है, जो संघ के बायोलॉज के नियम 8 (ड) का उल्लंघन है। इसलिए उन्हें संघ के पदों से निष्कासित करने की कार्यवाही का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से शंकर नागवंशी, राकेश कनोजे, राजेश स्वर्णकार, राजू मोहबे, नारायण प्रसाद सोनी, राजेश सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, ईश्वर सोनी, बारे लाल सोनी, कमलेश कुमार स्वर्णकार, विवेकरंजन सोनी, अनिल नागवंशी, ऐश्वर्य सोनी, गिरीश सोनी, रोहित सोनी, अरुणेश सोनी, प्रशांत कन्नौजे, प्रकाश अखिलेश एवं दुर्गेश स्वर्णकार उपस्थित थे। उक्त जानकारी कमलेश स्वर्णकार मिडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

धर्म समाचार....

सोलर नववर्ष इन 4 राशियों के लिए रहेगा लकी, करियर में मिलेगी जबरदस्त तरक्की

ज्योतिष शास्त्र में सूर्य देव को ग्रहों का राजा माना जाता है। जब भी सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं, तो उसे 'संक्रांति' कहा जाता है। लेकिन, 14 अप्रैल 2026 को होने वाला सूर्य का गोचर बहुत खास है। इस दिन सूर्य देव मीन राशि को छोड़कर अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश करेंगे, जिसे 'मेष संक्रांति' या 'सोलर नववर्ष' कहा जाता है। वैदिक ज्योतिष के प्रमुख ग्रंथ 'बृहत् पाराशर होराशास्त्र' और 'फ्लदीपिका' के अनुसार, जब सूर्य अपनी उच्च राशि में होते हैं, तो वे व्यक्ति को साहस, मान-सम्मान और करियर में नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। इस साल का सोलर नववर्ष विशेष रूप से 4 राशियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होने वाला है। आइए जानते हैं वो भाग्यशाली राशियां कौन सी हैं:

1. मेष राशि - सूर्य का प्रवेश आपकी ही राशि में हो रहा है। ऐसे में आपके आत्मविश्वास में गजब की बढ़ोतरी होगी। अगर आप लंबे समय से प्रमोशन या नई नौकरी का इंतजार कर रहे थे, तो अब वो समय आ गया है। समाज में आपका कद बढ़ेगा और लोग आपकी सलाह मानेंगे।

2. सिंह राशि - सूर्य आपकी राशि के स्वामी हैं। सोलर नववर्ष आपके लिए भाग्य के द्वार खोलने वाला है। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं या राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ा पद मिल सकता है। पिता या उच्च अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

3. वृश्चिक राशि - सूर्य का यह गोचर आपके पुराने रुके हुए कामों में जान फूंक देगा। करियर में जो चुनौतियां आ रही थीं, वे धीरे-धीरे खत्म होंगी। बिजनेस करने वालों के लिए यह समय निवेश का है, जिससे भविष्य में बड़ा मुनाफा होगा। आपके साहस और मेहनत की हर जगह तारीफ होगी।

4. धनु राशि - आपके लिए यह समय नई शुरुआत का है। अगर आप विदेश जाकर काम करना चाहते हैं या किसी बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो रास्ते साफ हो जाएंगे। आपकी रचनात्मकता (बढ़ेगी और आप अपनी बुद्धि के बल पर कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से पूरा कर लेंगे।

रिश्ता होते-होते बार-बार टूट रहा है? कुंडली के ये 4 ग्रह बिगाड़ रहे आपका खेल, यहां देखें तोड़

शादी एक ऐसा खूबसूरत बंधन है, जिसका इंतजार हर इंसान को होता है। लेकिन, कई बार सब कुछ सही होने के बावजूद- जैसे अच्छी नौकरी, संस्कारी स्वभाव और बढ़िया परिवार, शादी की बात फाइनल नहीं हो पाती। कभी रिश्ता जुड़ते-जुड़ते टूट जाता है, तो कभी अच्छे रिश्ते ही नहीं आते। वैदिक ज्योतिष की मान्यताओं में इस देरी के पीछे ग्रहों की चाल को अहम कारण माना गया है। जानते हैं कि कुंडली के कौन से 'दोष' इस रास्ते में दीवार बनकर खड़े हो जाते हैं।

कुंडली का वह सातवां घर- ज्योतिष शास्त्र में कुंडली के 12 घरों में से 'सातवां घर' शादी और जीवनसाथी का होता है। अगर इस घर का स्वामी कमजोर हो या वह किसी गलत जगह (जैसे 6ठे, 8वें या 12वें घर) में जाकर बैठ जाए, तो शादी में अड़चनें आने लगती हैं।

इन ग्रहों का होता है खेल- शनि देव की 'धीमी चाल': शनि को अनुशासन और न्याय का देवता माना जाता है, लेकिन इनकी चाल बहुत धीमी होती है। अगर शनि का प्रभाव सातवें घर पर हो, तो अक्सर शादी 30 साल की उम्र के बाद ही होती है। हालांकि, ज्योतिष के अनुसार शनि की वजह से होने वाली देरी बाद में एक मजबूत और टिकाऊ रिश्ता देती है।

मंगल का दोष: आपने 'मांगलिक' शब्द तो सुना ही होगा। अगर कुंडली में मंगल भारी हो, तो न केवल शादी में देरी होती है, बल्कि शादी के बाद भी आपसी तालमेल बिठाने में दिक्कत आती है।

राहु और केतु का भ्रम: ये दोनों छाया ग्रह हैं। इनका प्रभाव हो तो रिश्ता पक्का होते-होते अचानक किसी गलतफहमी की वजह से टूट जाता है। गुरु और शुक्र की स्थिति: लड़कियों के लिए 'गुरु' (बृहस्पति) और लड़कों के लिए 'शुक्र' ग्रह का मजबूत होना बहुत जरूरी है। अगर ये ग्रह कमजोर हैं, तो शादी के योग बनने में बहुत समय लगता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

महापौर मधुसूदन यादव वार्ड निरीक्षण में आयुक्त एवं पार्षदो व अधिकारियो के साथ सुबह पहुँचे

चिखली तथा लखोली राहुल नगर व कंचनबाग, साफ सफाई एवं निर्माण कार्य हेतु लिया जायजा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, श्री सावन वर्मा व श्री शैकी बग्गा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा क्षेत्र के पार्षद श्री चंद्रशेखर लश्करे व श्रीमती गिरजा निर्मलकर,पार्षद प्रतिनिधि श्री संतोष निर्मलकर के अलावा अधिकारियो के साथ चिखली तथा लखोली क्षेत्र के राहुल नगर एवं कंचनबाग में घुमकर साफ सफाई एंव पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया, वही उन्होंने निर्माण कार्य के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में सर्वप्रथम महापौर श्री यादव चिखली दीनदयाल कालोनी में घुमकर साफ सफाई का जायजा लेकर प्रतिदिन नियमित रूप से निर्धारित समय तक सफाई कराने संबंधित को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान मे रखकर जनभावनाओ के अनुरूप सफाई कार्यो का संपादन करेगे। उन्होंने देवांगन भवन के पास से अतिक्रमण एवं किराया भण्डार का समान हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साफ सफाई के अलावा वार्डो में अतिक्रण तथा रोड में समान व मलमा रखने तथा गंदगी फैलाने वालो को समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही करे। उन्होने दीनदयाल कालोनी में उद्यान के पास भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए तथा लोधी समाज भवन के पास 6 सीटर शौचालय निर्माण के लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लखोली वार्ड नं. 30 के कंचनबाग एवं 32 के राहुल नगर क्षेत्र पहुँच वार्डवासियो से रूबरू हो साफ सफाई के संबंध में चर्चा कर निर्माण कार्य के संबंध में जायजा लिया। उन्होंने बास टाल रोड एवं कंचनबाग विश्वकर्मा मंदिर के पास रोड एवं नाली निर्माण कराने प्रस्ताव तैयार करने तथा टुटे पुलिया का मरम्मत कराने कहा। वार्ड नं. 32 निरीक्षण क दौरान सरेखीन तालाब के आस पास साफ सफाई करने तथा सौदर्यीकरण के लिए टो वाल एवं पचरी निर्माण और जर्जर सार्वजनिक शौचालय तोडकर नया शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव देने कहा। पेयजल समस्या के निदान के लिए राहुल नगर में पाईप लाईन विस्तार करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए तथा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सिंटेक्स टंकी लगाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने वार्डवासियो से अपने घर एवं आस पास साफ सफाई रखने, गिला सुखा कचरा अलग अलग कर स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दिए। उन्होंने साफसफाई में सहयोग करने के अलावा ग्रीष्मऋतु में आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करने की अपील किए। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, सुश्री आयुषी सिंह,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित स्वास्थ्य एवं तकनीकि अमला उपस्थित था।

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया सीसी सड़क,नाली निर्माण हेतु भूमिपूजन

बारिश में स्कूली बच्चों को नही होगी परेशानी

छुरिया। (नांदगांव टाइम्स) ग्राम पंचायत आमगांव (छु.) व गर्रापार,घोटिया, टेकेहर्रा में ग्रामीणों की मांग पर संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ने सीसी सड़क निर्माण कार्य,नाली निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाई है । जिसका भूमिपूजन संपन्न हुआ, इस अवसर पर स्वयं उपस्थित होकर भूमिपूजन किया,इस अवसर पर उभे राम मंडावी जनपद सदस्य,तोरण दास वैष्णव,राकेश वाल्दे सरपंच मौजूद रहे । एक संक्षिप्त कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीणों में बहुत ही खुशी और गर्व का अवसर है कि हमारे क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन/लोकार्पण हो रहा है। यह केवल एक सड़क या नाली नहीं है, बल्कि यह हमारे गांव/क्षेत्र के विकास की नई दिशा और नई पहचान है। सड़क किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। जहां अच्छी सड़क होती है, वहां विकास अपने आप पहुंच जाता है। आज तक हम सबने कच्ची सड़कों की समस्याएं झेली हैं बरसात के समय कीचड़, आने-जाने में परेशानी, बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई, और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी।लेकिन अब यह सीसी रोड बनने से इन सभी समस्याओं का समाधान होगा। यह सड़क न केवल आने-जाने को आसान बनाएगी, बल्कि हमारे गांव की तस्वीर भी बदलेगी। इससे व्यापार बढ़ेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बेहतर होगी, और सबसे बड़ी बात हमारे गांव का विकास तेज़ी से आगे बढ़ेगा। उपस्थित जनों का साथ ही पंच,सरपंच,जनपद सदस्यों का हृदय से धन्यवाद करता भी किया,आप सभी जिनके सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है। साथ ही, मैं सभी मांगों के कारण ही हमारा प्रयास और सहयोग से यह कार्य आज धरातल पर उतर रहा है। विकास केवल सरकार के भरोसे नहीं होता, इसमें हम सभी की भागीदारी जरूरी होती है। हमें इस सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस सड़क को साफ-सुथरा रखें और इसका सही उपयोग करें। अंत में,उन्होंने कहा कि जहां सड़क मजबूत होती है, वहां भविष्य भी मजबूत होता है। इस अवसर पर श्रीमति अनुसुइया उईके, मीना मंडावी,रमेश कतलाम, रोहित वर्मा,लेखराम यादव,सुनील पोटा,नकुल मंडावी,हमराज मंडावी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

बलदेव सिंह भाटिया बने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नये अध्यक्ष

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, राजनांदगांव में नई प्रबंधक कमेटी के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बड़ी संख्या में साध संगत ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से सरदार बलदेव सिंह जी भाटिया (पप्पू वीरजी) को राजनांदगांव गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित बुजुर्गों एवं संगत द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष को हार्दिक बधाई दी गई तथा आशा व्यक्त की गई कि वे गुरुद्वारा साहिब की सेवा, प्रबंधन एवं विकास को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। अंत में बैठक को सफल बनाने हेतु समस्त संगत का आभार व्यक्त किया गया।

कठिन साधना में बैठे गुरू निर्वाण अनंतानंद उदासीन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गुरू निर्वाण अनंतानंद उदासीन जी महराज इन दिनों एक कठिन साधना कर रहे हैं। बैसाख (अप्रैल) की तपती दोपहरी में खुले में वह पँचधुना साधना करने आसन लगा रहे हैं। गुरूजी बताते हैं कि यह साधना वह जनकल्याण की भावना को लेकर कर रहे हैं। कुल 41 दिनों की यह साधना डोंगरगाँव मार्ग पर स्थित श्री कल्याणिका देवस्थानम नामक मंदिर आश्रम में की जा रही है। बाबाजी कल्याण आश्रम राजनांदगांव में यह साधना 2 अप्रैल से की जा रही है, यह धार्मिक कार्य 12 मई तक अनवरत चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 11 बजे वह साधना में बैठते हैं। इसका समापन रोजाना साढ़े बारह बजे होता है। गुरूजी के शब्दों में उन्हें ऐसी कठिन साधना की प्रेरणा मां भगवती सहित अपने गुरु परम तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज के आशीर्वाद से मिली। वह प्रतिदिन पाँच स्थानों पर कंडों को प्रज्वलित कर उनके मध्य में साधनारत होते हैं।

सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों उपलब्ध

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के लिए पर्याप्त संख्या में दवाईया उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में दवाओं की सप्लाई सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाऊस केन्द्र से ऑनलाईन मांग लिया जाता है। जिसके परिपक्ष में मांग अनुसार आपूर्ति कराया जाता है। वर्तमान में मांग अनुसार कुछ दवाईयों की आपूर्ति की जा रही है। जो दवाएं एवं समाग्री सीजीएमएससी में उपलब्ध नहीं होने पर जिला स्तर पर स्थानीय खरीदी एवं जीवनदीप समिति द्वारा पूर्ति की जा रही है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया और प्राचार्य द्वारा सभी नए छात्रों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की।इस अवसर पर प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, संगीत ने सभी का मनमोह लिया। प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा मनोरंजक खेल गतिविधि में भी उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर का चयन रहा, जिसमे कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद आकांशा तिवारी को मिस फ्रेशर व राम मनोहर को मिस्टर फ्रेशर के रूप में सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में पशिक्षणार्थियों ने उत्साह और अनुशासन का परिचय दिया। यह आयोजन नए एवं पुराने विद्यार्थियों के मध्य आपसी सहयोग, सौहार्द एवं मित्रता की भावना को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ। अंत में डीजे के मनमोहन गानों और स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफलता प्रदान किया।

खनिजों का अवैध परिवहन व उत्खनन करने पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा आज डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम सिंघोला, छुईखदान, करमतरा, सुखरी, मेढ़ा, अर्जुनी सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम भोथीपार निवासी बलराम साहू के स्वामित्व की हाईवा-सीजी 08 एएफ 0828 से वाहन चालक ग्राम भोथीपार निवासी कमलेश्वर साहू द्वारा मुरूम व मिट्टी का परिवहन तथा राजनांदगांव निवासी अंकित जैन के स्वामित्व की जेसीबी-सोल्ड पीला रंग से वाहन चालक ग्राम मुसरा निवासी श्री करण पटेल द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

14 अप्रैल को राजनांदगांव में होगा भव्य सेन जयंती आयोजन

मुख्य अतिथि होंगे सांसद संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले सेन जयंती समारोह को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संतोष पाण्डेय सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सांसद श्री पाण्डेय से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया। सांसद द्वारा निमंत्रण स्वीकार किए जाने से आयोजन समिति और समाजजनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। इस दौरान जिला संयोजक एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, जिला सचिव लोकेश सेन, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कौशिक, बबला सेन तथा सुनील सेन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सेन जयंती के इस आयोजन को सामाजिक एकता, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से इस गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

साहू समाज की एकता का ऐतिहासिक संदेश कर्मा जयंती समारोह बना मिसाल - मदन साहू

केसरिया पताका के साये में सामाजिक समरसता और परंपरा का अद्भुत संगम

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। खपरी ग्रामीण क्षेत्र प्रदेश साहू संघ से लेकर ग्रामीण इकाई तक साहू समाज की एकजुटता का भव्य प्रदर्शन कर्मा जयंती समारोह में देखने को मिला। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य मदन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज सदैव एकजुट रहा है और आगे भी सामाजिक मूल्यों, परंपराओं एवं संस्कारों के साथ मजबूती से आगे बढ़ता रहेगा।

उन्होंने बताया कि साहू संघ की केसरिया पताका त्याग, समर्पण और ऊंचाई की प्रतीक है, जो समाज को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। साथ ही गरुड़ को समाज की शक्ति और उन्नति का प्रतीक बताया गया। समारोह में सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि सामाजिक परंपराओं के अनुसार विवाह करने पर सात पीढ़ियों का आशीर्वाद प्राप्त होता है जिससे पारिवारिक और सामाजिक जीवन सुखमय एवं संतुलित बना रहता है। ग्रामीण साहू समाज खपरी द्वारा आयोजन में संसाधनों का सदुपयोग करते हुए अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से श्री मदन साहू जी सदस्य छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, श्रीमती किरण विनोद बारले जी सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, श्री दिलीप साहू जी अध्यक्ष तहसील साहू संघ घूमका, श्री एच.के. साहू जी, श्री धरमु साहू जी, श्री माधव साहू जी, श्रीमती लक्ष्मी रामदास कोसरे जी, श्रीमती लता कृपा राम साहू जी, श्री पोखन साहू जी, श्री नोहर साहू जी, श्री कन्हैया साहू जी, श्री बुलेश्वर साहू जी, श्रीमती पुष्पा साहू जी, श्री खेमलाल साहू जी, श्री विनोद बारले जी,श्री रामदास कोसरे जी, श्रीमती नूतन साहू जी सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए समाज की एकता और जागरूकता को मजबूत करने का संदेश दिया। ग्रामीण साहू समाज खपरी की ओर से सभी अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से ही यह आयोजन सफल और यादगार बन पाया है। साथ ही कर्मचारी प्रकोष्ठ का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिन्होंने समय और आर्थिक सहयोग देकर स्वल्पाहार व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समस्त ग्रामवासियों एवं जनसमुदाय का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से इस वर्ष का कर्मा जयंती समारोह ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रूप में संपन्न हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, सचिव देवनारायण साहू, सदस्य हिरेन्द्र कुमार साहू उपस्थित थे। इस प्रकार खपरी में आयोजित यह समारोह न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक बना, बल्कि साहू समाज की एकता, परंपरा और प्रगति की दिशा में एक मजबूत संदेश भी देकर गया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com